CBSE Class 6 Social Science Important Questions History Chapter 7 राज्य से साम्राज्य

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
सारनाथ स्थित विशाल स्तंभ की प्रमुख विशेषता बताइये।
उत्तर:
सारनाथ स्थित विशाल स्तंभ पर शेरों वाला स्तंभशीर्ष स्थापित है, जिसका चित्र भारतीय रुपयों - पैसों पर भी अंकित किया गया है।

प्रश्न 2.
मौर्य साम्राज्य का संस्थापक कौन था?
उत्तर:
मौर्य साम्राज्य का संस्थापक चन्द्रगुप्त मौर्य था।

प्रश्न 3.
मौर्य साम्राज्य कय अस्तित्व में आया?
उत्तर:
लगभग 2300 साल पहले मौर्य साम्राज्य अस्तित्व में आया।

प्रश्न 4.
मौर्य साम्राज्य की स्थापना में चन्द्रगुप्त मौर्य की सहायता किसने की?
उत्तर:
चाणक्य अथवा कौटिल्य नाम के एक बुद्धिमान व्यक्ति ने।

प्रश्न 5.
मौर्य वंश में कितने महत्त्वपूर्ण राजा हुए?
उत्तर:
मौर्य वंश में तीन महत्वपूर्ण राजा हुए:

- चन्द्रगुण
- बिन्दुसार
- अशोक।

प्रश्न 6.
मौर्य राजाओं के जासूसों का क्या कार्य था?
उत्तर:
राणा के जासूस अधिकारियों के कार्यकलाप पर नजर रखते थे।

प्रश्न 7.
छोटे क्षेत्र या प्रान्तों में प्रायः कौनसे नियम लागू होते थे?
उत्तर:
छोटे क्षेत्र या प्रान्तों में प्राय: स्थानीय परम्पराओं और नियमों को ही माना जाता था।

प्रश्न 8.
प्रादेशिक केन्द्रों के बीच फैले क्षेत्रों में मौर्य शासक क्या कोशिश करते थे?
उत्तर:
इन क्षेत्रों में मौर्य शासक केवल मार्गों तथा नदियों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करते थे जिससे आवागमन बाधित न हो।

प्रश्न 9.
एक ऐसे अनोखे सम्राट का नाम बताइये जिसने युद्ध का परित्याग किया था?
उत्तर:
अशोक।

प्रश्न 10.
मेगस्थनीज कौन था?
उत्तर:
मेगस्थनीज, चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में पश्चिमएशिया के यूनानी राजा सेल्यूकस निकेटर का राजदूत था।

प्रश्न 11.
अशोक के अधिकतर अभिलेख किस भाषा तथा लिपि में हैं?
उत्तर:
अशोक के अधिकतर अभिलेख प्राकृत भाषा और ब्राह्मी लिपि में हैं।

प्रश्न 12.
लोगों का दिल जीतने के बारे में अशोक का क्या मानना था?
उत्तर:
अशोक का मानना था कि धम्म के माध्यम से लोगों का दिल जीतना बलपूर्वक विजय पाने से ज्यादा अच्छा है।

प्रश्न 13.
आधुनिक भारत की ज्यादातर लिपियाँ कौनसी लिपि से उत्पन्न हुई है?
उत्तर:
आधुनिक भारत की ज्यादातर लिपियाँ ब्राह्मी लिपि से उत्पन्न हुई हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 14.
चीन की दीवार का निर्माण कब शुरू हुआ?
उत्तर:
चीन की दीवार का निर्माण लगभग 2400 वर्ष पहले शुरू हुआ।

प्रश्न 15.
चीन की विशाल दीवार बनाने का क्या उद्देश्य था?
उत्तर:
चीन की विशाल दीवार बनाने का उद्देश्य उत्तरी सीमा की पशुपालक लोगों से रक्षा करना था।

प्रश्न 16.
दक्षिण भारत के पत्तन किस दृष्टि से महत्वपूर्ण थे?
उत्तर:
दक्षिण भारत के पत्तन कालीमिर्च तथा अन्य मसालों के निर्यात की दृष्टि से महत्वपूर्ण थे।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
मौर्य साम्राज्य के प्रमुख नगर तथा अभिलेखों के कोई आठ प्राप्ति स्थल बताइये।
उत्तर:
मौर्य साम्राज्य के प्रमुख नगर:

- पाटलिपुत्र
- उज्जैन
- तक्षशिला।

अभिलेखों के कोई आठ प्राप्ति स्थल:

1. कंधार
2. शाहबाजगढ़ी
3. मेरठ
4. सारनाथ
5. कौशाम्बी
6. साँची
7. गिरनार
8. ब्रह्मगिरि।

प्रश्न 2.
सम्राटों को राजाओं की तुलना में ज्यादा संसाधनों तथा अधिकारियों की जरूरत क्यों होती थी?
उत्तर:

- साम्राज्य राज्यों से बड़े होते हैं और उनकी रक्षा के लिए बड़ी सेनाओं की जरूरत होती है, इसीलिए सम्राटों को राजाओं की तुलना में ज्यादा संसाधनों की जरूरत होती थी।

- इसी कारण उन्हें बड़ी संख्या में कर इकट्ठा करने वाले तथा अन्य अधिकारियों की जरूरत होती थी।

प्रश्न 3.
कर तथा नजराना में अन्तर बताइये।
उत्तर:
कर तथा नजराना में अन्तर:

- "कर' नियमित ढंग से इकट्ठे किए जाते थे जबकि 'नजराना' अनियमित रूप से जब भी संभव हो, इकट्ठा किया जाता था।
- कर देना बाध्यता थी तथा प्राय: मुद्रा में वसूल किये जाते थे जबकि नजराने विविध पदार्थों के रूप में प्राय: ऐसे लोगों से लिए जाते थे जो स्वेच्छा से इसे देते थे।

प्रश्न 4.
जंगल वाले इलाकों का प्रशासन संक्षिप्त में बताइये।
उत्तर:
जंगल वाले इलाकों में लोग काफी हद तक स्वतंत्र थे। उन पर नियम - कायदे नहीं थोपे जाते थे। उनसे यह उम्मीद की जाती थी कि वे मौर्य पदाधिकारियों को हाथी, लकड़ी, मधु और मोम जैसी चीजें लाकर देखें।

प्रश्न 5.
अशोक द्वारा किये गये कल्याणकारी कार्यों को बतलाइये।
उत्तर:
अशोक ने जनकल्याण के अनेक कार्य किये, जैसे:

- सड़कें बनवाई।
- कुएँ खुदवाए।
- विश्राम - गृह बनवाये।
- मनुष्यों तथा जानवरों की चिकित्सा की व्यवस्था की।

प्रश्न 6.
अशोक ने किन कर्मकाण्डों को व्यर्थ ठहराया?
उत्तर:
अशोक के अनुसार लोग विभिन्न अवसरों पर अनुष्ठान करते थे। उदाहरण के लिए जब वे बीमार थे, जब उनके बों का विवाह होता था, बच्चों के जन्म पर और जब यात्रा शुरू करते थे तब वे तरह - तरह के अनुष्ठान करते थे। अशोक के अनुसार ये कर्मकांड किसी काम के नहीं थे।

प्रश्न 7.
चीन की दीवार की विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:
चीन की दीवार की विशेषताएँ:

- यह दीवार लगभग 6400 किलोमीटर लंबी है।
- यह दीवार पत्थर और ईट से बनी है।
- इसकी ऊपरी सतह सड़क जैसी चौड़ी है।

https://www.evidyarthi.in/

- इस दीवार को बनाने के लिए हजारों लोगों को काम करना पड़ा।
- हर 100 - 200 मीटर की दूरी पर निगरानी के लिए बुर्ज बने हुए हैं।